# छात्रों को वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी शिक्षा प्रदान करना उद्देश्य : सचिन

## गुरु जंभेश्वर विश्वविद्यालय, मुरादाबाद के प्रथम शैक्षणिक सत्र की हुई शुरुआत

संवाद न्यूज एजेंसी

अमरोहा। गुरु जंभेश्वर विश्वविद्यालय, मुरादाबाद के प्रथम शैक्षणिक सत्र 2025-26 की शुरुआत पर कुलपति प्रोफेसर सचिन माहेश्वरी ने विवि के नवप्रवेशित विद्यार्थियों व शिक्षकों को संबोधित किया। यह कार्यक्रम शुक्रवार को अमरोहा के जेएस हिंदू पीजी कॉलेज में आयोजित किया गया।

कुलपति ने कहा कि बहुमुखी शिक्षा, गुणवत्तापूर्ण अनुसंधान के क्षेत्र में विश्वस्तर पर मान्यता प्राप्त उत्कृष्टता केंद्र बनने के लिए विश्वविद्यालय प्रतिबद्ध है। इसका उद्देश्य छात्रों को वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी शिक्षा प्रदान करना और शिक्षार्थियों के समग्र विकास पर ध्यान केंद्रित करना है। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी विश्वविद्यालय की आत्मा होते हैं, आज इन्हें पाकर हम अपार हर्षित हैं।

विश्वविद्यालय का कोई विस्तृत इतिहास नहीं है, हमें आशा है यह विद्यार्थी स्वर्णिम इतिहास बनने के साथ-साथ शानदार भविष्य का पथ प्रशस्त करेंगे। शनिवार से नियमित कक्षाएं प्रारंभ होंगी। शिक्षक नवाचार एवं शोधदृष्टि से वैश्विक जरूरतों के अनुसार बहुमुखी व्यक्तित्व विकास कर श्रेष्ठ नागरिक तैयार करते हुए विश्वविद्यालय और राष्ट्र में अपना बहुमूल्य योगदान देंगे। कार्यक्रम का सजीव प्रसारण यूट्यूब के माध्यम से विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को अन्य महाविद्यालयों में दिखाया गया। प्राचार्य प्रोफेसर वीर वीरेंद्र सिंह ने सभी का आभार व्यक्त किया। इस दौरान कुलसचिव गिरीश कुमार द्विवेदी आदि मौजूद रहे।



कार्यक्रम में विचार रखते गुरु जंभेश्वर विवि के कुलसचिव। स्रोत : कॉलेज

## पत्राचार शिक्षा योजना की छात्राएं जमा कराएं शुल्क

अमरोहा। राजकीय बालिका इंटर कॉलेज की प्रधानाचार्या स्नेहलता ने बताया कि दो वर्षीय पत्राचार शिक्षा योजना के तहत आवेदन करने वाली छात्राओं को कार्यालय दिवस में उपस्थित होकर परीक्षा शुल्क, दो फोटो व ई-मेल सहित बोर्ड परीक्षा 2026 के लिए अपना फार्म भरकर जमा कराना होगा। उन्होंने बताया कि ऐसा न करने की स्थिति में वह परीक्षा में शामिल नहीं हो सकेंगी। संवाद

## डायट में हुआ एल्युमिनी मीट का आयोजन


पूर्व प्रशिक्षु छात्रा का स्वागत करतीं वर्तमान प्रशिक्षु। स्रोत : डायट

अमरोहा। जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान बुढ़नपुर में शुक्रवार को एल्युमिनी मीट का आयोजन किया गया। संस्थान में डीएलएड के पूर्व प्रशिक्षुओं का वर्तमान प्रशिक्षुओं द्वारा स्वागत किया गया। कई सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन भी किया गया। कार्यक्रम में पूर्व प्रशिक्षुओं ने अपनी पुरानी यादों व अनुभवों को साझा किया। कार्यक्रम की शुरुआत डायट प्राचार्या शाहीन द्वारा की गई। वरिष्ठ प्रवक्ता रहे मनोज प्रकाश को विशिष्ट अतिथि के तौर पर आमंत्रित किया गया था। कार्यक्रम में प्रवक्ता रमाशंकर, जितेंद्र कुमार, पूनम रानी, नीशू चौधरी, रवि यादव व दीपक कुमार आदि शामिल रहे। संवाद

# विवि की आत्मा होते विद्यार्थी, संस्कार ग्रहण कर करेंगे आत्मसात : कुलपति

- जेएस हिंदू पीजी कालेज में आयोजित कार्यक्रम में बोले विवि कुलपति प्रो.सचिन माहेश्वरी
- कहा- बच्चों को वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी शिक्षा करें प्रदान, समग्र विकास पर दें ध्यान



जेएस हिंदू डिग्री कालेज में आयोजित कार्यक्रम में मौजूद लोग • जागरण

जागरण संवाददाता, अमरोहा : गुरु जंभेश्वर विश्वविद्यालय, मुरादाबाद के कुलपति प्रोफेसर सचिन माहेश्वरी ने कहा कि विद्यार्थी विश्वविद्यालय की आत्मा होते हैं। आज इन्हें पाकर हम अपार हर्षित हैं। बहुमुखी शिक्षा, गुणवत्तापूर्ण अनुसंधान के क्षेत्र में विश्वस्तर पर मान्यता प्राप्त उत्कृष्टता केंद्र बनने के लिए विश्वविद्यालय प्रतिबद्ध है। इसका उद्देश्य छात्रों को वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी शिक्षा प्रदान करना और शिक्षार्थियों के समग्र विकास पर ध्यान केंद्रित करना है।

उन्होंने यह बात शुक्रवार को विवि के प्रथम शैक्षणिक सत्र 2025-26 के शुभारंभ के अवसर पर जेएस हिंदू पीजी कालेज में आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि कही। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय का कोई विस्तृत इतिहास नहीं है। आशा है कि ये विद्यार्थी स्वर्णिम इतिहास बनने के साथ-साथ शानदार भविष्य का पथ प्रशस्त करेंगे।

26 जुलाई 2025 से नियमित कक्षाएं प्रारंभ होंगी। विद्यार्थी केवल डिग्री के लिए नहीं, बल्कि नया सीखने, ज्ञान परंपरा को अक्षुण बनाए रखने के पूर्ण मनोयोग से पढ़ेंगे। प्रधानमंत्री एवं प्रदेश के



जेएस हिंदू डिग्री कालेज में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते कुलपति सचिन महेश्वरी • जागरण

मुख्यमंत्री के संकल्प के अनुरूप विकसित भारत बनाने के लिए सकारात्मक प्रतिस्पर्धा के साथ आगे बढ़ेंगे।

गुरु जंभेश्वर विश्वविद्यालय के विद्यार्थी औपचारिक शिक्षा के साथ-साथ गंभीर ज्ञान, संस्कार एवं आचार ग्रहण कर उसे आत्मसात करेंगे। जिनसे पूरा समाज नई दिशा लेगा। इससे पूर्व विवि कुलगीत का संगीतबद्ध कायन हुआ।

विवि के सांस्कृतिक प्रकोष्ठ के प्रभारी प्रोफेसर चारू मेहरोत्रा ने कुलपति का परिचय भाषण प्रस्तुत किया। अंत में महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर वीर वीरेंद्र सिंह ने सभी का आभार व्यक्त किया। इस मौके पर कुलसचिव गिरीश कुमार द्विवेदी भी मौजूद रहे। राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम का सजीव प्रसारण सभी जिलों में दिखाया गया।

**नवप्रवेशित विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को गुरु जम्भेश्वर विश्व विद्यालय के कुलपति का सीधा प्रसारण**

# विश्व स्तर की गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए हम प्रतिबद्धः सचिन माहेश्वरी







**राष्ट्रीय इत्तिफाक समाचार**

**अमरोहा।** गुरु जंभेश्वर विश्वविद्यालय, मुरादाबाद के प्रथम शैक्षणिक सत्र 2025-26 के शुभारंभ के अवसर पर प्रोफेसर सचिन माहेश्वरी, माननीय कुलपति, ने विश्वविद्यालय के नवप्रवेशित विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को संबोधित किया। यह कार्यक्रम जे.एस. हिन्दू (पी.जी.) कॉलेज, अमरोहा में आयोजित किया गया, अन्य सभी महाविद्यालयों में इसका सजीव प्रसारण यूट्यूब के माध्यम से विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को दिखाया गया। इस मौके पर जे.एस. हिंदू (पी.जी.) कॉलेज, अमरोहा के विद्यार्थियों ने विश्वविद्यालय कुलगीत का संगीतबद्ध गायन किया। विश्वविद्यालय के सांस्कृतिक प्रकोष्ठ की प्रभारी प्रोफेसर चारू मेहरोत्रा ने कुलपति महोदय का परिचय भाषण प्रस्तुत किया। कुलपति महोदय ने विश्वविद्यालय के लक्ष्य और उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए बताया कि बहुमुखी शिक्षा, गुणवत्तापूर्ण अनुसंधान के क्षेत्र में विश्वस्तर पर मान्यता प्राप्त उत्कृष्टता केन्द्र बनने के लिए विश्वविद्यालय प्रतिबद्ध है। इसका उद्देश्य छात्रों को वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी शिक्षा प्रदान करना और शिक्षार्थियों के समग्र विकास पर ध्यान केंद्रित करना है। उन्होंने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि विद्यार्थी विश्वविद्यालय की आत्मा होते हैं, आज इन्हें पाकर हम अपार हर्षित हैं। विश्वविद्यालय का कोई विस्तृत इतिहास नहीं है, हमें आशा है ये विद्यार्थीगण स्वर्णिम इतिहास बनने के साथ-साथ शानदार भविष्य का पथ प्रशस्त करेंगे। कल दिनांक 26 जुलाई 2025 से नियमित कक्षाएं प्रारम्भ होंगी। विद्यार्थीगण केवल डिग्री के लिए ही नहीं अपितु नया सीखने, ज्ञान परम्परा को अक्षुण्ण बनाये रखने के पूर्ण मनोयोग से पढ़ेंगे। माननीय प्रधानमंत्री एवं प्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री के संकल्प के अनुरूप विकसित भारत बनाने हेतु सकारात्मक प्रतिस्पर्धा के साथ आगे बढ़ेंगे। जम्भेश्वर विश्वविद्यालय के विद्यार्थीगण औपचारिक शिक्षा के साथ-साथ गम्भीर ज्ञान, संस्कार एवं आचार भी ग्रहणकर उसे आत्मसात करेंगे, जिनसे पूरा समाज नयी दिशा लेगा। शिक्षक नवाचार एवं शोधदृष्टि से वैश्विक जरूरतों के अनुसार बहुमुखी व्यक्तित्व विकास कर श्रेष्ठ नागरिक तैयार करते हुए विश्वविद्यालय और राष्ट्र में अपना बहुमूल्य योगदान देंगे। गुरु जम्भेश्वर विश्वविद्यालय को बेहतर शैक्षणिक वातावरण, उन्नत एवं विश्वस्तरीय शोध का केन्द्र बनाने को हम सभी शिक्षक-छात्र मिलकर निष्ठा एवं दायित्वबोधपूर्वक योगदान देने का संकल्प लें। उन्होंने विश्वविद्यालय के विभिन्न कार्यों में सहयोग करने वाले महाविद्यालयों एवं आचार्यों की नामोल्लेख सहित सराहना की तथा सकारात्मक प्रतिस्पर्धा के साथ आगे कार्य करने को प्रेरित भी किया। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर वीर वीरेन्द्र सिंह ने सभी का आभार व्यक्त किया और मिलकर विश्वविद्यालय के लिए कार्य करने का संकल्प दुहराया। इस मौके पर कुलसचिव गिरीश कुमार द्विवेदी भी मौजूद रहे। राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम संपन्न हुआ।

# यूनिवर्सिटी का उद्देश्य न केवल गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करना: कुलपति





**अमरोहा(विधान केसरी)।** गुरु जंभेश्वर यूनिवर्सिटी के प्रथम शैक्षणिक सत्र का विधिवत शुभारंभ जेएस हिंदू कॉलेज में आयोजित एक समारोह के साथ हुआ। इस अवसर पर कुलपति प्रोफेसर सचिन माहेश्वरी ने नवप्रवेशित विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को संबोधित करते हुए विश्वविद्यालय की भावी दिशा और उद्देश्य साझा किए। कार्यक्रम का सीधा प्रसारण यूट्यूब के माध्यम से विश्वविद्यालय के सभी संबद्ध महाविद्यालयों में किया गया ताकि समस्त विद्यार्थी इस ऐतिहासिक क्षण का साक्षी बन सकें। कार्यक्रम की शुरूआत जेएस हिंदू कॉलेज के विद्यार्थियों द्वारा विश्वविद्यालय कुलगीत के संगीतबद्ध प्रस्तुति से हुई। तत्पश्चात विश्वविद्यालय सांस्कृतिक प्रकोष्ठ की प्रभारी प्रो. चारू मेहरोत्रा ने कुलपति का परिचय भाषण प्रस्तुत किया। इस दौरान कुलपति प्रो. सचिन माहेश्वरी ने कहा कि यूनिवर्सिटी का उद्देश्य न केवल गुणवत्तापूर्ण शिक्षा

## गुरु जंभेश्वर यूनिवर्सिटी के पहले शैक्षणिक सत्र का शुभारंभ

प्रदान करना है बल्कि यह एक ऐसा मंच है जहां विद्यार्थियों का समग्र विकास सुनिश्चित किया जाएगा। उन्होंने कहा विद्यार्थी किसी भी विश्वविद्यालय की आत्मा होते हैं। आज इन नवागंतुकों को देखकर हमें गर्व और आशा का अनुभव हो रहा है। भले ही विश्वविद्यालय का इतिहास नया हो, किंतु हमें विश्वास है कि यही विद्यार्थी इसे स्वर्णिम बनाएंगे। उन्होने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे केवल डिग्री प्राप्ति तक सीमित न रहें बल्कि ज्ञान, मूल्य, आचरण और संस्कार के साथ अध्ययन करें और विकसित भारत के निर्माण में सहभागी बनें। उन्होंने शिक्षकों से नवाचार, शोध और वैश्विक दृष्टिकोण को अपनाने का आह्वान किया ताकि विश्वविद्यालय एक उत्कृष्ट शिक्षण एवं अनुसंधान केंद्र के रूप में स्थापित हो सके। उन्होंने संबद्ध महाविद्यालयों, आचार्यों और समस्त सहयोगियों के योगदान की सराहना करते हुए विश्वविद्यालय के सतत विकास हेतु सकारात्मक प्रतिस्पर्धा की भावना से आगे बढ़ने को प्रेरित किया। कार्यक्रम के अंत में प्राचार्य प्रो. वीर वीरेन्द्र सिंह ने सभी अतिथियों का आभार प्रकट किया। इस दौरान कुलसचिव गिरीश कुमार द्विवेदी, प्रोफेसर डा. बीना शर्मा, प्रोफेसर डा. बीना रस्तौगी, प्रोफेसर डा. संगीता धामा, डा. गीतांजलि, डा. सबीना, डा. सवीता, डा. नीरज आदि मौजूद रहे।